राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

उच्च शिक्षा पर वीडियो कान्फ्रेस

राज्यपाल गुरूवार को कुलपतियों से करेंगे चर्चा

जयपुर, 29 अप्रेल। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र गुरूवार को दोपहर 12 बजे राजभवन से वीडियों क्रान्फ्रेस के माध्यम से प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से उच्च शिक्षा के सम्बन्ध में चर्चा करेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान हुए लॉक डाउन को दृष्टिगत रखते हुए 10 अप्रेल को उच्च शिक्षा पर एक टास्क फोर्स का गठन किया था। इस टास्क फोर्स ने समय–समय पर वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से बैठकें कर वर्तमान में विश्वविद्यालयों में ई–शिक्षण, प्रशिक्षण और परीक्षाओं के संचालन पर अनुशंषाएं तैयार की है।

कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र टास्क फोर्स द्वारा उन्हें प्रस्तुत की गई अनुशंषाओं पर गुरूवार को राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से विस्तृत चर्चा करेंगे। टास्क फोर्स द्वारा की गई अनुशंषाओं के साथ पाठयक्रमों के अद्यतन, स्टेट यूनिवर्सिटी मैनेजमेन्ट सिस्टम और लर्निंग मैनेजमेन्ट सिस्टम पर कुलाधिपति श्री मिश्र कुलपतियों से बात करेगें। इस वीडियो कान्फ्रेन्स के बाद आये सुझावों से राज्य की उच्च शिक्षा के लिए रोड मैप तैयार किया जायेगा।

राज्यपाल श्री मिश्र युवाओ और बच्चों की शिक्षा के प्रति बेहद चिन्तित हैं। उनका कहना है कि कोरोना वैश्विक महामारी के चलते प्रदेश में लगे लाक डाउन से विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं का अध्ययन बाधित हुआ है। बच्चों का भविष्य सुदढ बनाना राज्य की महती जिम्मेदारी है। राज्यपाल श्री मिश्र चाहते है कि बच्चों को किसी भी तरह का नुकसान नही होना चाहिए।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल